तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 22 अप्रैल 2025

11 पिचिंग के अभाव में किसानों की ज़मीन पर...

12 भक्त माता कर्मा, त्याग, श्रद्धा और भक्ति की...







## खबर संक्षेप

### कुंडेल में लोकार्पण,भूमि पूजन, रामायण कार्यक्रम आज, विधायक होंगे शामिल

**छुईहा बेलर।** ग्राम पंचायत कुंडेल के तत्वावधान नवनिर्मित शासकीय उचित मूल्य की दुकान सह गोदाम का लोकार्पण एवं बाजार चौक टीना शेड का भूमिपूजन कार्यक्रम 22 अप्रैल को होगा। एवं त्रिदिवसीय



रामचरितमानस संगीत मय का शुभारंभ होंगे। सरपंच ग्राम पंचायत कुण्डेल गज्जू सिन्हा, भाजपा कार्यकर्ता रमेश सिन्हा ने बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथ राजिम विधायक रोहित साहू, अध्यक्षता इंद्राणी नेहरू साहू, विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि राजिम विजय कंडरा पूर्व जिला पंचायत सदस्य भाजपा नेता चंद्रशेखर साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश साहू होगें। सरपंच कुण्डेल ने आगे कहा की 22 को संध्या 6:30 बजे अतिथियों का आगमन होगा। कार्यक्रम की तैयारी में गज्जू सिन्हा सरपंच, कुश बाई, तुलसी पुरेना उपसरपंच, सरस्वती बाबूलाल सतनामी, खुशबू रमेश कुमार सिन्हा, निशा यादराम सिन्हा, जयप्रकाश सिन्हा, सेवा राम पटेल, डिगेश्वरी कामता सिन्हा, रेखराम ढीठी, रेखा पीताम्बर चक्रधारी, राजकुमारी, शाम बाई झुनऊ दिवानरमेश सिन्हा व्यवस्था एवं तैयारी में लगे हुए है।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक आज

**छुरा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक 22 अप्रैल को दोपहर 3 बजे राजमहल परिसर में रखा गया है। जिसमें संगठन के सम्बंध में चर्चा की जायेगी। अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ता से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### कुण्डेल, जमाही में मानसगान आज से

**छुईहा बेलर।** ग्राम कुण्डेल एवं जमाही में त्रिदिवसीय रामचरितमानसगान एवं राम गुणगान व्याख्या का आयोजन 22 से 24 अप्रैल होगा। शिवशम्भू महिला समूह जमाही के तत्वावधान में रामचरितमानसगान का आयोजन रखा गया है। अध्यक्ष उषा नगारची, सचिव अनुसुईया,सीमा ध्रव, भूनेश्वरी ध्रव, नीलम, नंदनी, मदन ध्रव, परमेश्वर दिवान ने कहा कि ग्राम जमाही में 22 अप्रैल को कलश यात्रा देव के साथ कार्यक्रम शुभारंभ होगें और 24 अप्रैल को हवन के साथ समापन ▶▶|शेष पेज 10 पर

**अनदेखी :** शहर की गलियों में रफ्तार से दौड़ते हाईवा, प्रशासन मौन

# शहर के बीचों-बीच सरपट दौड़ रहे हाईवा, उड़ा रहे नियमों की धज्जियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नगर के अंदरूनी और बीच मार्केट गंज रोड में रेत से भरे ओवरलोड हाइवा प्रतिबंधित समय में काफी सरपट दौड़ रहा है। जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है। इससे व्यापारियों एवं बाजार आने वाले लोगों के लिए जान का खतरा बन गया है। बता दें कि इसी मार्ग पर शासकीय हरिहर हायर सेकेण्डरी स्कूल के पास कुछ महीने पहले एक हाइवा ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया बाइक सवार की वहीं मौके पर ही मौत हो गई थी इससे शहर अशांत हो गया था। बता दें कि प्रतिबंधित समय का बोर्ड नगर पालिका नवापारा द्वारा सोमवारी बाजार रोड डिवाइडर एवं बस स्टेण्ड स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक ▶▶|शेष पेज 10 पर



### सड़क सुरक्षा के लिए उठाए तत्काल कदम

नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कराई जाएगी। जिसमें वाहन जब्ती और भारी जुर्माने का प्रावधान शामिल है। शिकायतों के बावजूद रेत के अवैध परिवहन और ओवरलोड वाहनों पर कोई अंकुश नहीं लगाया जा रहा है। प्रशासन की निक्रियता के कारण ही ये वाहन बेरोकटोक नियम तोड़ रहे हैं, जिससे आम जनता की जान जोखिम में पड़ रही है। स्थानीय निवासियों ने भी प्रशासन की लापरवाही पर गुस्सा जाहिर करते हुए मांग की है कि रेत के वाहनों पर सख्ती और सड़क सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाई जाए। जानकारी के मुताबिक नगर पालिका परिषद ने प्रशासन और यातायात पुलिस से तत्काल सहयोग की मांग की है, साथ ही एक विशेष निगरानी अभियान शुरू करने की योजना बनाई है। जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों से भी अपील की है कि नियम विरुद्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत प्रशासन या नगर पालिका को दें, ताकि दोषियों पर कार्रवाई हो सके।

### सड़कों पर छा जाता है धूल का गुबार

जानकारी के मुताबिक, गंज रोड पर रेत से भरे हाइवा वाहन यातायात नियमों को ताक पर रखकर दिन के समय तेज रफ्तार में परिवहन कर रहे हैं। इन वाहनों की लापरवाह ड्राइविंग, ओवरलोडिंग और समय-नियमों की अनदेखी के कारण सड़कों पर धूल का गुबार छा जाता है रेत भी सड़क के ऊपर बिखरता चलता हैं जिससे दुर्घटनाओं का खतरा और भी बढ़ जाता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इन वाहनों के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं, और धूल से स्वास्थ्य समस्याएं भी उत्पन्न हो रही हैं। हाल ही में हुई कुछ दुर्घटनाओं में बड़ी वाहनों को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। इन गंभीर समस्याओं के बावजूद, प्रशासन और यातायात पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसे लेकर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष ओमकुमारी साहू के प्रतिनिधि संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, पार्षद सहदेव कंसारी, नम्मू ठाकुर सहित अन्य प्रतिनिधियों ने रेत से भरे हाइवा वाहन चालकों को चेतावनी दी कि दिन के समय गंज रोड या नगर के अन्य मुख्य मार्गों से इन वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

# जिले में विकास की अपार संभावनाएं : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

राज्य सरकार द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के स्थानांतरण आदेश के तहत गरियाबंद जिले में नए कलेक्टर भगवान सिंह उइके को पदस्थ किया गया है। निवर्तमान कलेक्टर दीपक अग्रवाल को नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के पद पर पदस्थ किया गया है। इसी क्रम में कलेक्टर उइके ने आज कार्यभार ग्रहण किया। इसके पश्चात कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया।

■ **निवर्तमान कलेक्टर अग्रवाल को दी गई भावभीनी विदाई**

जिले के अधिकारी-कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर कलेक्टर उइके का स्वागत किया और निवर्तमान कलेक्टर अग्रवाल को स्मृतिचिन्ह भेंटकर भावपूर्ण विदाई दी। इस दौरान कलेक्टर उइके ने कहा कि वनांचल एवं आदिवासी बहुल गरियाबंद जिले में विकास की अपार संभावनाएं हैं। शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का क्रियान्वयन निरंतरता के साथ किया जाएगा और जिलेवासियों को योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा। निवर्तमान कलेक्टर अग्रवाल ने अपने कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए ▶▶|शेष पेज 10 पर

# मोर दुआर साय सरकार, जनकल्याण की पहल में विधायक की अहम भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण के लिए प्रदेशव्यापी "मोर दुआर-साय सरकार" महाभियान के तहत छुरा ब्लॉक के ग्राम परसदा खुर्द एवं देवगांव में विधायक रोहित साहू ने शिरकत की और सर्वेक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परसदा खुर्द में केजई बाई तथा बीसो बाई एवं देवगांव में पोषण बाई नामक हितग्राहि का सर्वेक्षण किया। उन्होंने सर्वेक्षण कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण कर हितग्राहियों को ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने की बात अधिकारियों से कही। इस अवसर पर उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी और क्षेत्र के समग्र विकास हेतु अपने संकल्प को दोहराया और कहा कि 'मोर दुआर साय सरकार' महा-अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं और सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना है। विधायक रोहित साहू ने स्वयं लाभार्थियों से चर्चा करते हुए उनके मकान की स्थिति जानी और नवनिर्मित घरों को देखकर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने ग्रामवासियों से सीधा संवादh करते हुए यह भी कहा कि सरकार की जिम्मेदारी है कि कोई भी परिवार बिना पक्के ▶▶|शेष पेज 10 पर

### जिले के नवनियुक्त कलेक्टर भगवान ने किया पदभार ग्रहण



**गरियाबंद।** जिले के नवनियुक्त कलेक्टर भगवान सिंह उईके ने सोमवार को यहां जिला कार्यालय में निवर्तमान कलेक्टर दीपक अग्रवाल से कार्यभार लेकर अपना पदभार ग्रहण किया। इस दौरान निवर्तमान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने नवनियुक्त कलेक्टर श्री उईके को पुष्प गुच्छ भेंटकर नए दायित्व की बधाई और शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि 2016 बैच के आईएएस श्री उईके गरियाबंद जिले के 13वें कलेक्टर के रूप में नियुक्त किये गये हैं। पदभार ग्रहण के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर कलेक्टर श्री उईके का स्वागत किया। कलेक्टर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से परिचयात्मक चर्चा की। साथ ही जिले में चल रहे कार्यों की सामान्य जानकारी ली। इस अवसर पर कलेक्टर श्री उईके ने जिले के विकास की गति को आगे बढ़ाने के संबंध में अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत व बेहतर क्रियान्वयन उनकी प्राथमिकता होगी। जिले में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजनों को लाभान्वित किया जाएगा। नवपदस्थ कलेक्टर श्री उईके इससे पहले जिला उत्तर बस्तर कांकेर के अंतागढ़ में अपर कलेक्टर के रूप में पदस्थ थे। पदग्रहण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय, श्प्रकाश राजपूत, नवीन भगत, समस्त एसडीएम सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## राजिम भक्तिन माता मंदिर परिसर में विवाह संपन्न

# राजिम में जयमाला के साथ हुई नई शुरुआत, विवाह बंधन में बंधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



राजिम भक्तिन माता मंदिर परिसर में वर चि. यादराम पिता सेवक साहू ग्राम करेलीबड़ी एवं वधू सौ. का. सीमा साहू पिता चेतन साहू ग्राम कुरुद का आदर्श विवाह परिवार एवं समाजिकजनों के बीच अमृत साहू के मंत्रोच्चार से हुआ। बताया गया कि यादराम ने तलाकशुदा लड़की के साथ ब्याह रचाने का जो निर्णय लिया गया यह प्रशंसनीय है। आज के दौर में विवाह करना एक फैशन बन गया है वही बिना तामझाम के आदर्श विवाह कर मिसाल प्रस्तुत किया है। सर्वप्रथम वर-वधु एक दूसरे के गले में फूलमाला जयमाला डालकर राजिम भक्तिन माता को साक्षी मानकर जीवनसाथी स्वीकार किये। आदर्श युवा समारोह में वर के पिता सेवक साहू एवं वधु के पिता चेतन साहू गले मिलकर समधी बने। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने वर वधु को पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद प्रदान किया। आदर्श विवाह समारोह में राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ न्याय प्रकोष्ठ के कोषाध्यक्ष परमानंद साहू, पूर्व पार्षद नंदकिशोर शर्मा, रामनारायण साहू, लक्ष्मण साहू, छेदन साहू, इतवारी साहू, शंकर साहू, रमेश साहू, संपत साहू, नेहरू साहू, शिव साहू, महेंद्र साहू, युवराज साहू, झामू साहू, शेषनारायण साहू, प्रमोद साहू, बलराम साहू, भीखम साहू एवं दोनों परिवार की माताएं भी उपस्थित थी। विवाह के उपरांत वर वधु एवं परिवारजनों ने भगवान श्री राजीव लोचन जी का दर्शन कर खुशहाल जीवन के लिए आशीर्वाद मांगे।



# बादलों का सटीक लोकेशन बताने 10 करोड़ की लागत से रडार रेडी, अब हरी झंडी की प्रतीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बादलों का सटीक लोकेशन बताने वाला मौसम विज्ञान केंद्र का कलर डॉप्लर रडार बनकर तैयार हो गया है। 10 करोड़ की लागत से बनाए गए इस रडार का उपयोग केंद्रीय मंत्रालय की हरी झंडी के बाद किया जाएगा। इस रडार की मदद से मौसम संबंधी जानकारियों और पूर्वानुमान में अधिक सटीकता आएगी, साथ ही 3 सौ किलोमीटर की रेंज तक मौसम तंत्रिकाओं पर नजर रखी जा सकेगी।

मौसम विज्ञान केंद्र के इस महत्वपूर्ण कलर डॉप्लर रडार को इंदिरा गांधी कृषि विवि परिसर में स्थापित किया गया है। करीब ढाई साल पहले इस रडार को स्थापित करने के लिए एमओयू किया गया था।

हरिभूमि फॉलोअप

## मौसम विज्ञान केंद्र का कलर डॉप्लर रडार, कृषि विवि में किया गया है स्थापित




### दस मीटर ऊंचा, प्रदेश में पहला रडार

मौसम विभाग के सूत्रों के अनुसार, 10 करोड़ की लागत से तैयार किया गया कलर डॉप्लर रडार दस मीटर ऊंचा है। इसमें विभिन्न तरह के आधुनिक सिस्टम लगाए गए हैं, साथ ही स्टाफ की ड्यूटी भी लगाई गई है। रडार के काम करने के सिस्टम की वजह से माना विमानतल क्षेत्र में लगाने के प्रस्ताव को पूर्व में खारिज कर दिया गया था। इसके पूर्व लालपुर के मौसम विज्ञान केंद्र में भी इसकी स्थापना के प्रस्ताव को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था।

दस्तावेजों के साथ निर्माण की लंबी प्रक्रिया के बाद आखिरकार इसका काम पूरा हो चुका है। मौसम विभाग के विशेषज्ञों द्वारा इसकी टेस्टिंग की प्रक्रिया भी पूरी की जा चुकी है। आने वाले दिनों में केंद्रीय मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा इसका लोकार्पण किए जाने के बाद उपयोग शुरू कर दिया जाएगा। मौसम विभाग की विशेषज्ञ डएॅ. गायत्री वाणी कांचिभोटला ने बताया कि इसके मदद से मौसम संबंधी गतिविधियों का सटीकता के साथ पूर्वानुमान लगाया जा सकेगा। इसके बारिश वाले बादलों के लोकेशन के साथ अन्य जानकारी भी विस्तृत रूप से प्राप्त हो सकेगी। स्थापित किए गए इस रडार की मदद से रायपुर के चारों लगभग तीन सौ किलोमीटर के दायरे में सक्रिय होने वाली किसी भी तरह की मौसमी गतिविधि पर नजर रखी जा सकेगी।

## खबर संक्षेप

### भारतीय शिक्षा बोर्ड की संगोष्ठी में 250 विद्यालयों के प्राचार्यों ने लिया भाग



**रायपुर।** समता कॉलोनी स्थित महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में रविवार को भारतीय शिक्षा बोर्ड छत्तीसगढ़ रायपुर की संगोष्ठी हुई, जिसमें 250 विद्यालयों के संचालक एवं प्राचार्यों ने भाग लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि महापौर मीनल चौबे ने कहा कि भारतीय शिक्षा बोर्ड को शिक्षा के क्षेत्र में एक सतत व्यापक एवं भारत को आत्मनिर्भर बनाकर विश्वगुरु के पद पर प्रतिष्ठित करना है। उन्होंने इसे स्वामी रामदेव महाराज का शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक एवं समग्र क्रांति के लिए बहुत अच्छा कदम बताया। इसी दौरान मुख्य वक्ता भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. एनपी सिंह ने भारतीय शिक्षा बोर्ड का उद्देश्य आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ वैदिक शिक्षा देकर सनातन और नूतन का संगम कर प्रत्येक विद्यार्थी को भारतीयता का बोध के साथ आत्मगौरव का भाव जागृत कर पवित्र, चरित्र और व्यक्तित्व युक्त नेतृत्व का निर्माण करना बताया। कार्यक्रम को सुनील अग्रवाल लेंद्रवाले, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. एमआर सावंत, गोपाल चक्रधारी, राजीव गुप्ता आदि ने संबोधित किया।

### चेक चोरी कर डेढ़ लाख का आहरण

**रायपुर।** डूमरतराई में पशु आहार बनाने कच्चे माल का कारोबार करने वाले कारोबारी ने अज्ञात के खिलाफ उसकी फर्म के तीन चेक चोरी कर डेढ़ लाख रुपए आहरण करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, अनिल जायसवाल ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। अनिल ने पुलिस को बताया कि मार्च में अज्ञात व्यक्ति ने उसकी फर्म के तीन चेक चोरी कर बैंक से रुपए आहरण कर लिए।

## स्पर्धा : भाठीगढ पैरी स्टेडियम में अंतर्राज्यीय क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

# क्रिकेट के माध्यम से क्षेत्र के खिलाड़ियों को मिलेगा बेहतर अवसर : विकास पाटले

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 03 कि मी दूर ग्राम भाठीगढ पैरी स्टेडियम में अंतर्राज्यीय रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का गरिमामय माहौल में शुभारंभ किया गया इस दौरान एसडीओपी पुलिस विकास पाटले, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती लोकेश्वरी नेताम, जनपद सदस्य श्रीमती जामुन बाई नेगी, सरपंच भाठीगढ पुष्पा नेगी, आदिवासी नेता खेदू नेगी, डाकेश्वर नेगी, अध्यक्ष मोहित द्विवेदी, पंडित नंदकिशोर चौबे एवं क्षेत्र के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान जमकर आतिशबाजी भी किया गया, इस क्रिकेट प्रतियोगिता में लगभग 22 टीमों ने भाग लिया है, गरियाबंद जिले के मैनपुर में पहली बार अंतर्राज्यीय रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता एमपीएल मैनपुर प्रीमियम लीग 2025 का आयोजन किया जा रहा है। 20 अप्रैल से 28 अप्रैल तक यह क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें प्रथम पुरस्कार 1 लाख 51 हजार रूपये एवं ट्राफी एवं द्वितीय पुरस्कार 75 हजार रूपये एवं ट्राफी के साथ मैन ऑफ दी सीरीज 10 हजार एवं ट्राफी, बेस्ट बैट्समैन 5001 एवं ट्राफी, बेस्ट बालर 5001 एवं ट्राफी के साथ कई आकर्षक पुरस्कार दिये जायेंगे। अंतर्राज्यीय रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए एक समिति का गठन किया गया है जिसके अध्यक्ष मोहित द्विवेदी, उपाध्यक्ष राजू सोनी, सूरज राव, डाकेश्वर नेगी, सचिव पंडित नंदकिशोर चौबे, सहसचिव नजीब बेग, उपेन्द्र साहू, कोषाध्यक्ष गफफु मेमन, संरक्षक रसीद खान, खन्ना रामटेके, शेख हसन खान, केशव बन्छोर, मो ईशाक मेमन, जगदीश गुप्ता, जाहीद भट्टी को नियुक्त किया गया है। वही सदस्यगण टीकम पटेल, ओशिष साहू, नेलशल बाघमार, उमेन्द्र निर्मलकर, टीकम देववंशी, अमीर मेमन, कोमल साहू, आरीफ खान, कुणाल ठाकुर, आमीन हुसैन द्वारा अपना योगदान दिया जा रहा है।

### जिला और प्रदेश का नाम रौशन करें

अंतर्राज्यीय रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के अध्यक्ष मोहित द्विवेदी ने बताया पहली बार मैनपुर क्षेत्र में इतना भव्य रूप से क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में अन्य प्रदेश के प्रतिभागी भी शामिल होंगे। उन्होंने बताया क्रिकेट प्रतियोगिता मे सभी का सहयोग मिल रहा है। इस अवसर पर उन्होने खिलाडियों से कहा कि अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का मौका बहुत कम लोगों कों मिलता है। आप सभी खेल भावना से खेलें और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देकर इस खेलकूद प्रतियोगिता को नई ऊंचाइयां प्रदान कर कीर्तिमान स्थापित करें। श्री पाटले ने उपस्थित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि आप सभी अपना सर्वोच्च



प्रदर्शन दे जिससे आप सभी आने समय में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर खेलकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें। जिला और प्रदेश का नाम रौशन करें।

## गुजरात की एजेंसी को मिला ठेका

# राजधानी में 100 ई-बसें दौड़ेंगी, रोडमैप तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी की सड़कों पर जल्द ही पब्लिक ट्रांसपोर्ट सेवा के लिए इको फ्रेंडली ई-बसें संचालित होने जा रही हैं। बस संचालन के लिए पूर्व निर्धारित रूट के अलावा कुछ नए रूट तय किए गए हैं, जहां ई-बस का संचालन किया जाएगा। पूर्व में संचालित सिटी बसें पूरी तरह से कंडम हो गई हैं। बस संचालन के लिए गुजरात अहमदाबाद की चार्टडेड स्पीड लिमिटेड कंपनी को एजेंसी दी गई है। गुजरात की कंपनी स्थानीय स्तर पर ऑपरेटर तय कर बसों का संचालन करेगी। ई-बस संचालन के लिए रूट तय कर लिया गया है, बस संचालकों ने 62.20 रुपए प्रति किमी के हिसाब से रेट तय किया गया है। पूर्व में संचालित 67 सिटी बसों में से आधी से ज्यादा कबाड़ में तब्दील हो चुकी हैं। वर्तमान में महज 25 सिटी बसों का संचालन किया जा रहा है।

### ऑटोवालों की मनमानी से राहत

वर्तमान में गिनती के सिटी बसें संचालित होने की वजह से कम दूरी पर यात्रा करने वालों को सामान्य बसों में भारी-भरकम किराया चुकाना पड़ता है। इसके अलावा ऑटो के साथ ई-रिक्शा चालक लोगों से मनमानी किराया भाड़ा वसूलते हैं। पर्याप्त संख्या में सिटी बस ऑटो चालकों की मनमानी पर लगाम लगेगी।

### *इन मार्गों पर सिटी बस का संचालन*

- *रेलवे स्टेशन से घड़ी चौक, मैग्नेटो माल, एमएम फन सिटी, भानसोज*
- *रेलवे स्टेशन से घड़ी चौक, माना बस्ती, रावतपुरा कॉलेज, चंपारण*
- *रेलवे स्टेशन से तेलीबांधा, मंदिर हसौद, कुरुद, चंद्रखुरी*
- *रेलवे स्टेशन से धरसींवा, खैरखुंट, सुंगेरा*
- *रेलवे स्टेशन से नवा रायपुर मंत्रालय, संचालनालय वाया जोरा*
- *रेलवे स्टेशन से नवा रायपुर मंत्रालय, संचालनलय वाया माना बस्ती चौक, नगर घड़ी, पचपेड़ी नाका, टाटीबंध, रेलवे स्टेशन से पंडरी बस स्टैंड, विधानसभा, मांढर, सिलियारी, रेलवे स्टेशन से भाठागांव बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन से कुम्हारी बस्ती, घड़ी चौक व्हाया कुम्हारी चौक*
- *रेलवे स्टेशन से माना एयरपोर्ट व्हाया घड़ी चौक, माना कैंप, रेलवे स्टेशन से मंदिर हसौद, नवागांव, पलौद, कोटनी, रेलवे स्टेशन से पंडारी बस स्टैंड, अवंति चौक, मोवा, जीरो पाइंट, विधानसभा, दोंदे, खरोरा तिगड्डा, रेलवे स्टेशन से फाफाडीह सिलियारी स्टेशन, रेलवे स्टेशन से फाफाडीह, भनपुरी, उरला, कुम्हारी*
- *एयरपोर्ट से टाटीबंध चौक, भिलाई, दुर्ग बस स्टैंड, एयरपोर्ट से तेलीबांधा चौक, कुम्हारी, चरौदा, भिलाई-3, पॉवर हाउस, नेहरू नगर, दुर्ग बस तक स्टैंड (एसी बस)।*

# निगम मुख्यालय और पंडरी कपड़ा मार्केट में होगी तिमंजिला स्वचालित पार्किंग की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में मेट्रो सिटी की तर्ज पर नगर निगम कम स्पेस में स्वचालित सिस्टम से वाहनों के पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराएगा। प्रयोग बतौर शहर के दो स्थानों पर हाइड्रोलिक मैकेनाइज्ड पार्किंग की शुरुआत की जाएगी। इसमें महात्मा गांधी सदन के पिछले हिस्से की खाली पड़ी जमीन और पंडरी कपड़ा मार्केट परिसर में इसके लिए जगह चिन्हांकित की गई है। निगम के योजना शाखा ने इसके लिए ऑनलाइन टेंडर में दिल्ली की सालासर टेक्नीकल पार्किंग सर्विसेस एजेंसी को अनुबंधित किया है।

- कम स्पेस में हाइड्रोलिक लिफ्टिंग प्लेटफार्म का कांसेप्ट
- ऑनलाइन टेंडर में दिल्ली की सालासर टेक्नीकल कंपनी चयनित

पार्किंग की समस्या से जूझ रहे शहर में नगर निगम अब स्वचालित हाइड्रोलिक मैकेनाइज्ड पार्किंग सिस्टम को प्रयोग बतौर अपनाने जा रहा है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि सीमित स्थान में वाहनों को सुरक्षित रूप से पार्क करने हाइड्रोलिक लिफ्टिंग प्लेटफार्म का उपयोग करते हैं। ये सिस्टम विशेष रूप से कम स्पेस वाले क्षेत्रों में ज्यादा उपयोगी होता है। इसमें पार्किंग आसान और सुविधाजनक होगी। उपयोगकर्ता को अपने वाहन पार्क करने या वापस लाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।




### *निगम मुख्यालय में जी प्लस थ्री स्वचालित पार्किंग*

*रायपुर नगर निगम अपने स्टाफ के लिए 18 लाख रुपए की लागत से तिमंजिला स्वचालित पार्किंग की सुविधा देने की तैयारी में है। इसमें 12 कार पार्क करने की सुविधा रहेगी। अनुबंधित एजेंसी 2 साल तक इसका संचालन व संधारण कार्य करेगी। इससे नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी जहां अपने वाहन की सुरक्षा को लेकर निश्चिंत हो पाएंगे, वहीं गांधी सदन में पार्किंग को लेकर हो रही दिक्कत दूर होगी। इसी तरह पंडरी कपड़ा मार्केट में 23 चारपहिया वाहनों के लिए 55 लाख की लागत से हाइड्रोलिक मैकेनाइज्ड पार्किंग सिस्टम विकसित होगा। मॉल की तर्ज पर शहर के थोक कपड़ा मार्केट में लोग अपनी गाड़ियां बिना किसी दिक्कत के पार्क कर सकेंगे। तीनमंजिला स्वचालित पार्किंग तैयार करने एजेंसी तय हो गई है।*

# 70 वार्डों से रोज निकल रहा 600 टन कूड़ा, डंप करने मात्र 9 ट्रांसफर स्टेशन

**रायपुर।** शहर के 70 वार्डों से निकल रहे कूड़ा को शहर के भीतर रखने नगर निगम के पास जगह का टोटा है। रामकी के पास केवल 9 कलेक्शन पाइंट हैं, जहां पर 255 सफाई गाड़ियों में 70 वार्डों से प्रतिदिन निकलने वाला 600 मीट्रिक टन कूड़ा को लाया जाता है। यही कारण है कि रायपुरा में कचरा एकत्रित करने वाली गाड़ी को बूढ़ापारा के पुराने धरनास्थल के पास कलेक्शन पाइंट तक आना पड़ता है, क्योंकि वहां आसपास ठेका कंपनी को ट्रांसफर स्टेशन के लिए निगम ने जगह नहीं दिलाई। हैरानी की बात ये है कि धरना स्थल वाले पाइंट में 4 जोन से 28 वार्डों का कचरा रोज पहुंच रहा है। इसे खाली करने सुबह और देर शाम तक गाड़ियों की लाइन लगी रहती है। यही हाल शहर की अन्य जगहों पर बनाये गये ट्रांसफर स्टेशन का है।

**20 जगहों पर चाहिए ट्रांसफर स्टेशन, बना पाए मात्र 9-** शहर के विस्तार को देखते हुए रामकी कंपनी ने नगर निगम प्रशासन को ट्रांसफर स्टेशन बनाने शहरभर में 20 से 25 जगहों पर ट्रांसफर स्टेशन बनाने जगह उपलब्ध कराने की मांग की है। रामकी के सिटी हेड योगेश कुमार का कहना है, निगम आयुक्त के साथ चर्चा में सेकेंडरी कलेक्शन पाइंट के लिए जगह उपलब्ध कराने की मांग की गई है।

### जगह चिन्हांकित कर रहे

रामकी कंपनी के साथ शहर में नए ट्रांसफर स्टेशन बनाने के लिए जगह चिन्हांकित कर रहे हैं, ताकि सफाई गाड़ियों को कचरा खाली करने ज्यादा दूरी तय न करनी पड़े।

- **विश्वदीप**, आयुक्त, नगर निगम रायपुर

# अरहर दाल में राहत का तड़का, तीन साल बाद कीमत लौटी 100 से 120 तक

### अन्य दालें भी सस्ती

अन्य दालें भी इस समय सस्ती हो गई हैं। चना दाल थोक में 70 से 75 और चिल्हर में 80 से 85 रुपए, उड़द दाल थोक में 95 से 110 और चिल्हर में 100 से 120, मूंग दाल थोक में 90 से 100 और चिल्हर में 100 से 110 रुपए है। देशी चना थोक में 57 रुपए और चिल्हर में 65 रुपए में मिल रहा है। काबुली चना भी बहुत सस्ता हो गया है। इसके दाम भी 180 रुपए तक चले गए थे, अब यह थोक में 110 रुपए और चिल्हर में 120 रुपए में बिक रहा है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अरहर दाल की कीमत अब जाकर तीन साल बाद वापस पुराने दाम पर लौट आई है। 2022 में अरहर दाल की कीमत 100 से 120 रुपए थी, अब यही कीमत इस समय हो गई। चिल्हर में अच्छी क्वालिटी की दाल 110 से 120 में मिल रही है। बीते साल जहां अरहर दाल के दाम 200 रुपए थे, वहीं अंतिम माह दिसंबर में ही अरहर दाल की कीमत चिल्हर में 180 रुपए थी। दूसरी दालों के दाम भी अब कम हो गए हैं। किसी भी दाल के दाम इस समय थोक में सौ रुपए के अंदर हैं। चिल्हर में दाम कुछ ज्यादा हैं।

- बीते साल ही 200 रुपए तक हो गए थे दाम

अरहर दाल ही हर घर और होटलों, ढाबों, रेस्टोरेंट में ज्यादा बनती है। इस दाल की डिमांड पूरे देश में सबसे ज्यादा रहती है। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में भी इसकी डिमांड ज्यादा है। यहां पर यह दाल महाराष्ट्र से ज्यादा आती है। वैसे लोकल दाल की भी बहुत मांग रहती है। आमतौर पर महाराष्ट्र की दाल को ज्यादा पसंद किया जाता है। इसके दाम लोकल दाल से थोड़े ज्यादा रहते हैं।

### दो सौ के पार गए दाम

अरहर दाल की कीमत तीन साल पहले 2022 में थोक में 90 से 100 रुपए और चिल्हर में 100 से 120 रुपए थी। इसके बाद इसके दाम बढ़ने प्रारंभ हुए तो 2023 में इसकी कीमत दौ सौ रुपए के पार हो गई। थोक में जहां कीमत 190 रुपए हो गई, वहीं चिल्हर में इसके दाम 210 से 220 रुपए हो गए। ऐसा ही 2015 में भी हुआ था जब फसल प्रभावित हुई थी। 2023 में भी फसल कम होने की बात की गई। इसके बाद तो इसका असर 2024 तक रहा। इस साल भी इसके दाम दो सौ रुपए तक रहे। 2024 के अंतिम माह में कीमत थोक में 140 से 160 और चिल्हर में 160 से 180 रुपए तक रही।

### नए फसल आने से घटे दाम

इस साल जनवरी में जब इसकी नई फसल आई तो इसके बाद इसके दाम घटने प्रारंभ हुए। हालांकि शुरुआत में ज्यादा दाम कम नहीं हुए। लेकिन फिर भी राहत रही, क्योंकि जो दाल चिल्हर में 160 से 180 रुपए मिल रही थी, वह कम होकर 140 से 160 रुपए हो गई। इसके बाद लगातार दाम कम होते-होते अब अप्रैल इसके दाम थोक में 100 से 110 और चिल्हर में 110 से 120 रुपए हो गए हैं। थोक मे 110 रुपए वाली दाल महाराष्ट्र की अच्छी क्वालिटी की है, यह चिल्हर में 120 में मिल रही है। इसी तरह से थोक में 100 रुपए में मिलने वाली दाल चिल्हर में 110 रुपए में मिल रही है।

## पेज 9 के शेष...

### शहर के बीचों-बीच...

रोड डिवाइडर में लगाया गया है। इस सूचना और चेतावनी के बावजूद बहुत तेज रफ्तार में हाइवा चालक अपनी गाड़ी दौड़ाते है। नियम विरुद्ध परिवहन और इससे होने वाली दुर्घटनाओं ने स्थानीय जनता और जनप्रतिनिधियों में गहरा आक्रोश पैदा कर दिया है। इन वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही से न केवल यातायात व्यवस्था चरमराई है, बल्कि हाल के दिनों में कई गंभीर सड़क हादसे भी हुए हैं। इन दुर्घटनाओं में रेत के भारी वाहनों की लापरवाही के कारण कई लोग घायल हुए हैं, और कुछ मामलों में जानमाल का नुकसान भी हुआ है। इसके बावजूद, प्रशासन की निक्रियता पर सवाल उठ रहे हैं? जिससे जनप्रतिनिधियों और नागरिकों तथा गंज रोड के व्यापारियो में गहरा रोष का वातावरण बना हुआ है।

### जिले में विकास की...

बताया कि जिला प्रशासन की मजबूत टीम की बदौलत लोकसभा निर्वाचन, राजिम कुंभ कल्प मेला, पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन का सफल आयोजन हुआ। उन्होंने गौरव गरियाबंद अभियान, टीबी मुक्त अभियान, प्रयास कोचिंग, नवोदय कोचिंग, सुपोषण अभियान, सेल्फी विद ईपिक, पोषण निवेश जैसे नवाचार कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए राज्य में जिले की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

समारोह में जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय, प्रकाश राजपूत, नवीन भगत, समस्त एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। अधिकारियों ने अग्रवाल के नेतृत्व में जिले में हुए विकास कार्यों और उनकी कार्यशैली की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनके मार्गदर्शन से प्रशासनिक दक्षता, समय प्रबंधन और शासकीय दायित्वों के निर्वहन में सुधार हुआ।

**कार्यालय में बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली से समयबद्धता सुनिश्चित-** जिला पंचायत सीईओ मरकाम ने कहा कि अग्रवाल के साथ काम करना एक सकारात्मक अनुभव रहा, जिससे प्रशासनिक कार्यों में सहयोग मिला। अपर कलेक्टर पाण्डेय ने बताया कि उनके कार्यकाल में कार्यालय में बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली से समयबद्धता सुनिश्चित हुई। जल संसाधन विभाग के ईई एसके बर्मन, पशुपालन विभाग के उप संचालक ओपी तिवारी और डीपीओ अशोक पाण्डेय ने भी अग्रवाल के योगदान की सराहना की और नवपदस्थ कलेक्टर उइके के साथ मिलकर जिले के विकास में योगदान देने की प्रतिबद्धता जताई।

### मोर दुआर साय...

मकान के न रहे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सर्वेक्षण के माध्यम से जो भी पात्र परिवार सामने आएंगे, उन्हें शीघ्रातिशीघ्र योजना में सम्मिलित किया जाएगा। इस दौरान जिला पंचायत सभापति लेखराज धुर्वा, जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, जनपद सदस्य विष्णु नागेश,परसदा खुर्द डिगेश्वरी ठाकुर एवं पिपरहट्टा की सरपंच उगेश कमार, राजू साहू, सोमन यदु, जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर, मानसिंह निषाद, सूजल कोठारी,भवानी सेन,जनपद पंचायत के एडिशनल सीईओ रुपकुमार ध्रुव, प्रधानमंत्री आवास योजना की ब्लॉक समन्वयक, आवास मित्र ईश्वर टांडे, रोजगार सहायक,बिहान समूह की महिलाएं एवं भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

### कुण्डेल, जमाही...

होगा। इस बीच में विशेष आमंत्रित मानस मंडली मानस मंच में संगीतमय सह व्याख्या का प्रस्तुति करेंगें एंव क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी इस में अपनी उपस्थिति देंगे। इसी तरह का आयोजन समीपस्थ ग्राम कुण्डेल में ग्रामवासीयों के तत्वावधान में 22 से 24 तक आयोजित है, भाजपा कार्यकर्ता रमेश सिन्हा ने कहा की उक्त आयोजन में प्रसिद्ध मानस मंडली की प्रस्तुति होगी। वहीं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

## विप्र स्वास्थ्य सेवा संगठन ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**रायपुर।** गर्मी की आहट के साथ चिकनपॉक्स, पीलिया और विभिन्न वायरस जनित बीमारियों का सिलसिला शुरू हो जाता है। समाजसेवी संस्था विप्र स्वास्थ्य सेवा संगठन द्वारा रायपुर के कोटा मस्जिद प्रांगण में रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संगठन अध्यक्ष डॉ. सतीश दीवान के साथ डॉ. वीणा मिश्रा, डॉ. अभिजीत झा, डॉ. तनु तिवारी, डॉ. सारिका श्रीवास्तव, डॉ. जिया फातिमा, डॉ. नालंदा रामटेके, डॉ. दिनेश तिवारी, डॉ. सुशील बागड़े, साईं बाबा हॉस्पिटल की मेडिकल टीम ने कोटा निवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। साथ ही बीपी, सुगर, आंखों की जांच के साथ पीलिया और चिकनपॉक्स की होमियोपैथिक दवाओं का निशुल्क वितरण किया गया। शिविर में संगठन के सदस्य मिथिलेश रिछारिया, सैय्यद फारुख और रितेश यादव ने शिविर में अपना विशेष योगदान दिया।

# शांति सरोवर सेंटर में दादी रतनमोहिनी को किया नमन

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की दिवंगत मुख्य प्रशासिका दादी रतनमाहिनी की पुण्यस्मृति में रविवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शांति सरोवर रिट्रीट सेंटर में हुआ, जिसमें सभी ने 101 वर्ष की आयु में दिवंगत मुख्य प्रशासिका दादी रतनमोहिनी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने दादीजी के व्यक्तित्व का उल्लेख करते हुए बताया कि दादी रतनमोहिनी में दैवीय गुण थे। उनमें नेतृत्व कला और प्रशासकीय कौशल भी था। बचपन से अध्यात्म के प्रति लगन और परमात्मा को पाने की चाह के कारण दादी रतनमोहिनी महज 13 वर्ष की अल्पायु में ही



ब्रह्माकुमारी संस्थान से जुड़ गई थीं। वह नारी शक्ति के सबसे बड़े संगठन ब्रह्माकुमारीज की मुखिया के रूप में पांच हजार पांच सौ सेवाकेंद्रों और 50 हजार गीता पाठशालाओं का संचालन कर रही थीं। समारोह में ब्रह्माकुमारी सविता दीदी, किरण दीदी, रश्मि दीदी, भावना दीदी, निधि दीदी, इति दीदी, वनिषा दीदी, अदिति दीदी सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### जनपद उपाध्यक्ष ने दो दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राईसिकल दी

**फिंगेश्वर।** विधायक रोहित साहू के अनुशंसा पर जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव ने दो लोगों को मोटराइज्ड ट्राईसिकल का वितरण किया। दिव्यांगता के चलते कभी स्वयं को कमजोर नहीं समझना चाहिए। हमारे समक्ष ऐसे अनेक उदाहरण हैं जिसमें दिव्यांगजनों ने सामान्य व्यक्ति से बढ़कर कार्य कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। हमें यथासंभव दिव्यांगजनों की सहायता के लिए तत्पर रहना चाहिए। इसी कड़ी मे 21 अप्रैल को राजिम विधायक रोहित साहू के अनुशंसा में जनपद पंचायत फिंगेश्वर के उपाध्यक्ष सतीस यादव के द्वारा ग्राम भेंडरी (लोहरसी) के जितेंद्र साहू पिता हेमलाल साहू तथा ग्राम कोमा के बिसंभर साहू पिता लखन लाल साहू को जनपद पंचायत फिंगेश्वर के समाज कल्याण विभाग द्वारा मोटराइज्ड ट्रायसिकल प्रदान किया गया।मोटराइज्ड ट्रायसिकल पाकर जितेन्द्र साहू व बिसंभर साहू की प्रसन्नता को शब्दों में प्रकट नहीं किया जा सकता। इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य दीपक साहू, भाजपा कार्यकर्ता पोषण साहू व विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे।

### देवांस के जन्मदिन पर सेवा का संकल्प, मरीजों को बांटे फल



**फिंगेश्वर।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं खंड व्यवस्था प्रमुख खंड फिंगेश्वर दिलीप निषाद के निवास में पुत्र देवांस कुमार निशाद का जन्मदिन सनातन परंपरा पूर्ण राष्ट्रीय स्वयं संघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति मे भारत माता एवं डा.हेड गेवार की छाया चित्र में दीप प्रज्वलित कर भजन कीर्तन के साथ मनाया गया। देवांस प्रारंभ से बाल स्वयं सेवक के रूप मे शाखाओं में अपनी उपस्थिति देते आया है। इस अवसर पर पिता दिलीप निषाद एवं संघ के कार्यकर्ताओं के द्वारा सामुदायिक अस्पताल में मरीजों को फल का वितरण करते हुए अच्छे स्वास्थ की कामना भी की। इस अवसर पर खंड के स्वयं सेवक एवं भाजपा नेता तथा गणमान्य नागरिक कार्यक्रम में शामिल हुए।

**समस्या : मैनपुर विकासखण्ड में खजरान, पैरी, बाघ, अडगडी, मोखाघाट नदी किनारे पिचिंग करने की जरूरत**

# पिचिंग के अभाव में किसानों की ज़मीन पर गहराया संकट, नदी कर रही है खेतों को निगलने का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के अधिकांश ग्रामो के नदी तटो में पिचिंग नहीं है, यही कारण है कि तेज बारिश में जब नदी नालों में उफान आता है, तो बाढ़ का पानी किसानों के खेतों के साथ कई गांव में घुसकर नुकसान पहुंचाता है ग्रामीण लंबे समय से गांव के नदी तटों में पिचिंग की मांग कर रहे है ग्राम पंचायतों से हर बार प्रस्ताव बनाकर भेजा भी जाता है, लेकिन अब तक इस महत्वपूर्ण कार्यो के लिए स्वीकृती नही मिली है, जिसके कारण किसानों के कीमती खेती जमीन जंहा नदी में तब्दील हो रहे है, वही खेत भी खत्म होते जा रहे है, मनरेगा योजना के तहत शासन बढे बढे योजना बनाकर निर्माण कार्य करवा रही है, जिससे मजूदरों को रोजगार भी मिल रहा है, शासन और विभाग को चाहिए कि मैनपुर विकासखण्ड के नदी किनारे खेतो को बचाने के लिए मनरेगा योजना के तहत पिचिंग कार्य किया जाए, जिससे एक ओर मजदरो को रोजगार मिलेगा, तो दुसरी ओर किसानों की कीमती खेती जमीन भी नदी में तब्दील होने से बच जायेगी, इस ओर स्थानीय संबधित विभाग के अधिकारियों को गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है। मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में पैरी नदी, मैनपुर नदी, सलफ नदी, खजरान नदी, अडगडी नदी, शोभा नदी, मोखाघाट नदी , बाघ नदी तौरेगा नदी, उदंती नदी ,कोयबा नदी किनारे गांव के नजदीक सैकड़ों एकड जमीन नदी में तब्दील हो गये है, इन्हे बचाने के लिए बारिश से पूर्व अभी पिचिंग कार्य प्रारंभ किया जाना अति आवश्यक हो गया है। क्षेत्र के किसान सोनसाय ध्रुव,सुकदेव ठाकुर, योगेन्द्र कुमार और गौरघाट के किसान आलीम आसरी,छबी दिवान, रामप्रसाद नेताम, प्रेमसिंह ओटी ने बताया कि हर वर्ष बारिश के दिनो में नदी किनारे कटाव बढते जा रहा है, इसलिए नदी किनारे तटबंध निर्माण किया जाना आवश्यक हो गया है नही तो आने वाले वर्षो में धीरे धीरे खेत नदी में तब्दील होते जायेंगे।



### किनारे की जमीन नदी में तब्दील हो रहा



जिला पंचायत के पूर्व सदस्य अमृतलाल नागेश ने बताया कि खजरान तुहामेटा नदी में बारिश के दिनो में पहाडों और जंगलो से तेज गति से पानी बहता है जिसके कारण हर वर्ष तुहामेंटा, खजरान, जाडापदर, और दर्जन भर ग्रामों जो नदी से लगा है, नदी किनारे के जमीन लगातार नदी में तब्दील हो रहा है, लेकिन अब तक बार बार मांग के बावजूद पिचिंग कार्य नही हुआ है, जबकि मनरेगा योजना के तहत पिचिंग कार्य किया जाना चाहिए, जिसका लाभ क्षेत्र के किसानो को मिलेगा।

### खेतों का निरीक्षण करवाकर तटबंध



जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव ने बताया कि तौरेगा नदी और डुमरघाट नदी में बारिश के दिनों में लगातार बाढ के कारण हर वर्ष किसानों के खेती जमीन धीरे -धीरे नदी में समाते जा रहा है, हर वर्ष किसानों के द्वारा नदी किनारे तटबंध निर्माण की मांग करते है, लेकिन इस गंभीर समस्या की ओर अब तक कोई ध्यान नहीं देने से किसानों की मुसीबत बढती जा रही है, उन्होने गरियाबंद कलेक्टर से मांग किया है कि नदी किनारे खेतों का निरीक्षण करवाकर तटबंध निर्माण करवाया जाए।

### खेती जमीन नदी में हो रहा तब्दील



भाठीगढ के पूर्व सरपंच जितेन्द्र नेगी ने बताया कि पैरी नदी में हर वर्ष बारिश में उफान के कारण ग्राम हरदीभाठा, भाठीगढ, गोपालपुर, साल्हेभाठ, छुईहा के सैकडो किसानों के खेती जमीन लगातार नदी में तब्दील हो रहा है, कई बार मांग करने के बाद सिंचाई विभाग एवं राजीव गांधी जल ग्रहण मिशन द्वारा निरीक्षण भी किया जा चुका है, और नदी किनारे तटबंध बनाने के लिए स्टीमेट भी भेजा जा चुका है, लेकिन अब तक तटबंध निर्माण के लिए राशि स्वीकृत नही हुआ है, जिसके कारण सैकड़ों किसानो को हर वर्ष इसका खामयाजा भुगतना पड रहा है।

### नदी किनारे पिचिंग कार्य हो



शोभा क्षेत्र के वरिष्ठ किसान भूनेश्वर नेगी ने बताया कि बाघ नदी, शोभा नदी, अडगडी नदी में हर वर्ष बारिश के दिनो में उफान आने के कारण नदी किनारे सैकडों एकड किसानों की जमीन नदी में समा गई है, कई बार किसानों ने मुआवजा की मांग कर थक चुके है, लेकिन अब तक किसानों को न तो मुआवजा मिला और न ही जमीन किनारे पिचिंग किया गया है, शासन प्रशासन को चाहिए कि किसानो की परेशानी को देखते हुए नदी किनारे पिचिंग कार्य करवाया जाए।

**मुआवजा व राहत राशि नहीं दी-** मैनपुरकला के किसान सियाराम ठाकुर ने बताया कि मेरी स्थिति खराब हो गई है। नाला बंधन के कारण मेरे दो बोरवेल्स बर्बाद हो गए। खेत भी पूरी तरह बर्बाद हो गया। शासन-प्रशासन से क्षतिपूर्ति राशि व तटबंध करने की कई बार मांग कर चुका हूं पर अभी तक ध्यान नहीं दिया है।मैनपुर के संबंधित अधिकारियों को खेत भी लाकर यहां दिखाया था, लेकिन आज तक कोई मुआवजा व राहत राशि नहीं दी गई है। मेरी खेती, किसानी पूरी तरह चौपट हो गई है। मेरा साढ़े चार एकड़ खेत पूरी तरह बर्बाद हो चुका है। वहीं मैनपुर मुख्यालय से 3 किलोमीटर दूर पर ग्राम मैनपुर कला में सलफ नदी है यह नदी धीरे-धीरे विकराल रूप ले रही है, जिससे आसपास के किसानों ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। यह नदी खेतों को बर्बाद तो कर ही रहे है और रास्ते को भी नुकसान पहुंचा रही है। इसका पानी खेत से होते हुए बस्ती तक पहुंच जाता है।

**पिचिंग कार्य करने से होगी जमीन की सुरक्षा-** सिंचाई विभाग के एसडीओं श्री सोनवानी ने बताया कि पैरी नदी में बाढ के कारण हर वर्ष जो किसानों की जमीन नदी किनारे कटाव बढ़ती जा रही है, इसके लिए सर्वे कर प्रस्ताव और स्टीमेट बनाकर तटबंध स्वीकृति के लिए शासन स्तर पर दो साल पहले ही भेजा जा चुका है, इस वर्ष फिर भेज रहे है, उन्होने कहा कि पहाडा से उतरने वाली पानी का बहाव तेज होने के कारण नदी किनारे के जमीन का कटाव बढता जा रहा है और पिचिंग कार्य करने से जमीन की सुरक्षा किया जा सकता है।

# वक़्त के साथ गुम हुई गोधूलि की गरिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

एक महीने तक बंद रहे लग्न और शुभ कार्यों के बीच 14 अप्रैल से एक बार फिर से रसेला सहित क्षेत्र में शादी की तैयारी जोरों पर चल रही है। रोज किसी न किसी परिचित और पारिवारिक जन के यहां से वैवाहिक निमंत्रण के कार्ड प्राप्त हो रहें हैं। कार्ड के स्वरूप और डिजाइन में अनगिनत प्रयोग हो चुके और सतत्जारी है। लेकिन एक चीज जो नहीं बदला वो पाणिग्रहण का कार्ड में अंकित समय। अक्सर आप लोग वैवाहिक कार्ड में पढ़ते होंगे पाणिग्रहण गोधूलि बेला में। बता दें कि गोधूलि बेला हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार शाम को जब पशु पक्षियों दिनभर विचरण करके और गौमाता चारा चरने के बाद लौटती हैं, उस समय को गोधूलि बेला कहा जाता है। गो अर्थात गाय और धूलि अर्थात धूल इसका तात्पर्य है कि वह समय जब गाय के चलने से धूल उड़कर



अस्ताचलगामी सूर्य को ढंक लेती है। इस समय को शास्त्रों में अत्यंत पवित्र और शुभ माना गया है। इसलिए परिणय सूत्र में बंधने के लिए इस समय को श्रेष्ठ माना जाता है। आज से करीब 25 साल पहले शादियां गोधूलि बेला में ही हुआ करती थी। सुबह से ही बाराती अपने साधनों में निकल जाया करते थे। दूरी के मुताबिक एक दिन पहले भी निकालते थे और रात्रि में ही बारात स्वागत करते तथा रात भर सोने के बाद दूसरे दिन परंपराओं का निर्वहन होता था। नज़दीक के लोग सुबह निकलते और 12 से 1 बजे तक पहुंच जाते थे। दो से तीन बजे के अंतराल में बारातियों का स्वागत होता था तथा भोजन कराया जाता और संध्या 5 बजे तक विवाह मंडप में वर वधू बैठ जाते थे। पंडित के द्वारा मंत्रोच्चार होता था। गोधूलि बेला में ही विवाह के सारे रस्म संपन्न होता था। वर्तमान में सब कुछ बदला हुआ नजर आ रहा है। अब तो रात्रि 9 बजे बारातियों का काफिला लड़की वाले के यहां पहुंचता है। डीजे की धुन पर लोग झुमते और नाचते हैं। अभी भी अपनी हैसियत के मुताबिक वाद्य यंत्र का उपयोग होता है। इस संबंध में ठाकुर राम चन्द्राकार, भागवत सिन्हा, जैयलाल यादव, सुनील सिंह, केशुराम ध्रुव,कुशल सिंह ध्रुव, देवेन्द्र कुमार, हरिराम नागेश, ने बताया कि हमारे समय में मोहरी, दफड़ा, गुदुम, सिग बाजा, मंजीरा, निसान बजाया जाता था। उसके बाद मोहरी के बदले कैसियो आया। अब नए नए वाद्य यंत्र के जमाने में पुराने वाद्य यंत्र को कौन पूछता है।

## 30 अप्रैल को मनाया जाएगा अक्षय तृतीया

**रसेला।** अक्षय तृतीया अर्थात अत्ती के दिन क्षेत्र के गांव गांव में ही नहीं भिन्न भिन्न समाजों के महधिवेशनो में आदर्श विवाह की धूम रहती है। अत्ती छत्तीसगढ़ में पुराने और नए के बीच का सेतु है। छत्तीसगढ़ी बैरागी है। वह सदा पुराने से नए, प्राचीन से अर्वाचीन, जड़ता से गतिशीलता की ओर चलता चला आया है। यही इसकी विशेषता है। अत्ती छत्तीसगढ़ विशेषता से जुड़ा अनोखा पर्व है। छत्तीसगढ़ में पर्वों और कुछ विशेष तिथियों के भीतर की कथा का अपना ही महत्व है। 30 अप्रैल को क्षेत्र में अक्षय तृतीया मनाई जाएगी तो



वहीं एक दिन पहले 29 अप्रैल को भगवान परशुराम जयंती मनायी जायेगी। महाराज गोलू शर्मा के अनुसार अप्रैल माह में सर्विर्थ सिद्धी योग, अमृत सिद्धि योग, रवि योग और राजयोग जैसे अनेक शुभ संयोग बन रहें हैं। 25 अप्रैल को राजयोग, 27 अप्रैल को पुनः सर्विर्थ सिद्धी योग, 29 को फिर यही योग और 30 को सर्विर्थ सिद्धी योग के साथ साथ रवि योग भी बन रहा है। छत्तीसगढ़ में रामकथा, महाभारत, भर्तृहरि गाथा, ढोला मारू, लोरिकायन छत्तीसगढ़ी रंग में रंग कर विशिष्ट अंदाज में पीढ़ी दर पीढ़ी कथा वाचन की समृद्ध परंपरा के दम पर जन मन और कण कण में परिव्याप्त है। छत्तीसगढ़ दुनिया भर की श्रेष्ठ परंपराओं को अपने ही ढंग से ग्रहण करता है। भाषा, व्यवहार, आचरण और परंपरा का छत्तीसगढ़ी अंदाज इसलिए ज्ञानी ध्यानियो को चकित करता है। अक्षय तृतीया के दिन बच्चे अपने मिट्टी से बने गुड्डे गुडिया अर्थात पुतरा पुतरी का ब्याह रचाते हैं। कल जिन बच्चों को ब्याह कर जीवन में प्रवेश करना है। वे परंपरा को इसी तरह आत्मसात करते हैं। बच्चे बुजुर्ग बनकर पूरी तन्मयता के साथ अपनी मिट्टी से बने बच्चों का ब्याह रचाते हैं। इस कड़ी में गांव की माटी, देवी देवताओं और ठाकुर देव की पूजा किया जाता है।

**पीएमश्री हरिहर स्कूल में परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट छात्र पुरस्कृत**

# डिग्री के साथ संस्कार एवं अनुशासन से मिलेगी सफलता : मंडल अध्यक्ष वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

पीएम श्री शासकीय हरिहर स्कूल में सत्र 2024-25 का परीक्षा परिणाम जारी किया गया। नपा अध्यक्ष ओमकुमारी -संजय साहू, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा,नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, प्राचार्य दानी मैम, विशेष अतिथि योगिता सिन्हा, अशोक गंगवाल, अध्यक्ष शाला विकास समिति सिंटू ,जैन नगर पालिका के पार्षदगण द्वारा रिबन काटकर परीक्षा परिणाम जारी किया गया। इस अवसर पर संस्था की प्राचार्य फाखरा खानम दानी ने स्कूल का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि हरिहर स्कूल के प्राचार्य पद मेरे लिए फक्र की बात है। मेरा पूरा प्रयास हैं कि स्कूल में शिक्षा के स्तर एवं अनुशासन में हरिहर स्कूल के छात्र-छात्राएं सबसे आगे रहे। नगर के सभी लोगों का मुझे सहयोग एवं आशीर्वाद हमेशा मिलता है। उसी का परिणाम है कि आज मैं हरिहर स्कूल का संचालन कुशलता पूर्वक कर पा रही हूं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नागेंद्र कंसारी ने अपने उदबोधन में सफल छात्रों को बधाई दी एवं कम अंक प्राप्त प्राप्त करने वाले छात्रों को अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। श्री वर्मा ने कहा कि मैं इस स्कूल का छात्र रहा हूं आज मैं जो भी हूं हरिहर स्कूल की शिक्षा, अनुशासन एवं संस्कार का परिणाम है। डिग्री के साथ अनुशासन एवं संस्कार आवश्यक है।





### बच्चों को बैग एवं बोटल का वितरण

नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने राष्ट्र प्रेम की कविता सुनाते हुए देश सेवा के लिए युवाओं को आगे आने के लिए आग्रह किया। विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए युवा शक्ति को विकास में सहभागिता के लिए आग्रह किया। उत्कृष्ट छात्रों को योगिता सिन्हा द्वारा बैग एवं पानी बॉटल प्रदान किया गया। कार्यक्रम में पार्षद नम्मू ध्रुव, रवि साहू, धीरज साहू, सचिन सचदेव, अशोक गंगवाल, एसआर सोन, नगर के गणमान्य नागरिक, पालकगण एवं स्कूल के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें। संचालन शिक्षक विजय गिलहरे, अशोक साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक एस एन देवांगन, बीएल अवसरिया, महेश वर्मा, संतोष छाबड़ा एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं की सहभागिता रही।




HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## गर्मी छुट्टी में समर कैंप लगाने शिक्षा विभाग का तुगलकी आदेश : मिश्रा

**राजिम।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के रायपुर संभाग के अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा ने अपने विभाग के उस आदेश को तुगलकी आदेश बताया है जिसमें डीईओ ने स्कूलो में समर कैंप लगाने का आदेश जारी किया है। श्री मिश्रा ने कहा कि यदि इस भीषण गर्मी में समर कैंप लगाएंगे तो बच्चो के स्वास्थ के ऊपर विपरीत असर पड़ेगा उसका जिम्मेदार कौन होगा?एक तरफ राज्य शासन यह आदेश जारी करता है कि ग्रीष्म अवकाश 1 मईसे 15 जून 2025 तक जारी किया हुआ है। दूसरी तरफ डीईओ रायपुर एवं गरियाबंद द्वारा इस तरह का आदेश? कहा कि ग्रीष्मकालीन अवकाश में 1 मई से स्कूलों में समर कैंप लगाने का जो आदेश जारी किए गया हैं यह राज्य शासन के वर्ष 2025 के लिए जारी ग्रीष्म अवकाश 1 मई 25 से 15 जून 25 तक निर्धारित है उसका खुला उल्लंघन है। श्री मिश्रा ने छत्तीसगढ़ शिक्षकसंघ के प्रांतीय अध्यक्ष संजय ठाकुर,संभागीय सचिव ओंकार वर्मा, आत्माराम साहू के हवाले से जारी प्रेस विज्ञप्ति में साफ-साफ कहा है कि जब बच्चे और शिक्षक ग्रीष्मकालीन अवकाश में समर कैंप के लिए स्कूल जाएंगे तो गर्मी छुट्टी का क्या औचित्य रह जाएगा ? उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में अभी वर्तमान में अप्रैल माह में ही लू चलने लगा है, मई और जून में स्थिति और भयावह हो जाएगी। जिससे बच्चों और शिक्षकों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ेगा।



## 12 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 03 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए चार लाख रुपए के मान से कुल 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पिरदा के मृतक शहबाज खान एवं ग्राम खट्टी के मृतक पुनिताराम निषाद के वारिसानों के लिए तथा सर्पदंश से मृत्यु होने पर पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम ढाबाखार की मृतिका पित्रो बाई सिदार के परिजन के लिए 04-04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

**बैठक : एक राष्ट्र एक चुनाव के संबंध में हुई बैठक, पेंसनर्स संघ सहित अन्य समाज ने किया समर्थन**

# एक राष्ट्र, एक चुनाव से खत्म होगी अस्थिरता, लोकतंत्र होगा और समृद्ध





हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम के गायत्री मंदिर में छग पेंशनर्स तहसील शाखा राजिम की बैठक हुई जिसमें संघ की ओर से अधिकृत पत्र देकर एक देश एक चुनाव का समर्थन किया। इसके अलावा अन्य समाज के द्वारा भी एक राष्ट्र एक चुनाव का समर्थन किया गया। इस दौरान राजिम विधायक रोहित साहू ने एक देश एक चुनाव से होने वाले लाभ को बताते हुए कहा कि एक साथ चुनाव कराने से मतदाताओं के लिए सुविधा और आसानी सुनिश्चित होगी तथा मतदान प्रतिशत में वृद्धि होगी। एक राष्ट्र एक चुनाव से नीतियों में अधिक निश्चितता आएगी। बार-बार चुनाव होने से अनिश्चितता का माहौल बनता है और इससे नीतिगत निर्णय प्रभावित हो सकते हैं। जनपद अध्यक्ष इंद्राणी साहू ने कहा कि चुनावों के एक साथ होने से आर्थिक स्थिरता और विकास में वृद्धि होगी, जिससे नीतिगत निर्णय लेने में सक्षम होंगे। सरकार के तीनों स्तरों पर एक साथ चुनाव कराए जाएंगे तो इससे अनेक व्यवधान से बचा जा सकेगा। इससे प्रवासी श्रमिकों को वोट डालने के लिए बार बार छुट्टी लेने में दिक्कत नहीं होगी। नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने एक राष्ट्र एक चुनाव पर कहा कि एक साथ चुनाव कराने से सरकारी खजाने पर वित्तीय बोझ कम होगा, क्योंकि इससे बीच-बीच में होने वाले चुनावों पर होने वाले व्यय का दोहराव नहीं होगा। इस दौरान एक देश एक चुनाव के जिला संयोजक चन्द्रशेखर साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, कोपरा नगर पंचायत अध्यक्ष रूपनारायण साहू, जनपद उपाध्यक्ष सतीश साहू, पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष बैशाखू साहू, मनीराम साहू, लखन सिन्हा, रोमन साहू, विक्रम मेघवानी सहित पेंशनर्स समाज के लोग उपस्थित रहे।

### कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों का किया गया सम्मान

बैठक में सर्वप्रथम भगवान श्री राजीव लोचन एवं माता सरस्वती की पूजा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू का सम्मान तहसील शाखा राजिम के अध्यक्ष बैसाखू साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्वागत गीत राधेश्याम सेन द्वारा प्रस्तुत किया गया। अध्यक्ष बैसाखू साहू ने गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कहा कि मंहगाई भत्ता राज्य शासन द्वारा वृद्धि की गई राशि है वो आज तक नहीं किया गया जबकि कर्मचारियो को अप्रैल माह से भुगतान किया गया है। उन्होने विधायक रोहित साहू से इस पर आग्रह किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त रेंजर लखन लाल सिन्हा सहित विक्रम मेघवानी , ब्यास नारायण चतुर्वेदी ,योगेश्वर गोस्वामी,रोमन साहू मौजूद थे। नए सदस्य हिम्मत बाई साहू परसदा को शाल श्री फल से सम्मानित किया गया।

## सीएम निवास घेराव में बड़ी संख्या में शमिल हुए कांग्रेसी कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



छत्तीसगढ़ कांग्रेस द्वारा प्रदेश बढ़ते अपराध को लेकर सोमवार को राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस द्वारा लगाई गई बेरिकेटिंग तोड़ दिया। इसके साथ ही कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी भी की।पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच जमकर झूमाझटकी भी हुई, कार्यक्रम में शामिल होने बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे, विधायक जनक धुव एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम के नेतृत्व में 100 से ज्यादा कांग्रेस कार्यकर्ता भीषण गर्मी में मैनपुर, अमलीपदार, इंदागांव,धवलपुर, नवागढ़ क्षेत्र से कार्यक्रम में शामिल हुए और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत आदि कांग्रेस नेताओं से मुलाकात किए, इस दौरान विधायक जनक ध्रुव ने कहा छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन गया है प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ गई है बलात्कार ,हत्या, अपहरण, लूट और चोरी में राजधानी रायपुर नंबर वन हो गया है,जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने कहा जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है चारों तरफ अराजकता का माहौल है गांव–गांव अवैध शराब बिक रही है, प्रदेश में अब छोटे बच्चे भी सुरक्षित नहीं है ऐसी सरकार को तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव महामंत्री गेंदु यादव ने कहा की प्रदेश कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री निवास घेराव में आज बड़ी संख्या में क्षेत्र से कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे हैं प्रदेश सरकार के जन विरोधी नीतियों के चलते प्रदेश की जनता में भारी आक्रोश देखा जा रहा है दुर्ग में एक छोटी सी बच्ची के साथ अनाचार के मामले ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है अपराधी बेलगाम हो गए हैं उनमें कानून का भय नहीं है रोज हत्याएं लूट और बलात्कार की घटना बढ़ती जा रही है भाजपा सरकार महिलाओं को सुरक्षित वातावरण देने में नाकाम हैं।

## राष्ट्रीय खेलों में जिले का प्रतिनिधित्व करेगा मास्टर एथलीट्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका



जिले के 16 मास्टर खिलाड़ी 19 अप्रैल को 44वें राष्ट्रीय वेटर्न खेल के लिए मैसूर रवाना हुए यह राष्ट्रीय एथलेटिक्स खेल मैसूर में दिनांक 21 से 23 अप्रैल तक चामुंडी स्टेडियम में आयोजित है। उक्त खेल में भाग लेने के लिए जिले से हरिश्चंद्र निषाद ग्राम पांडू का से 55 प्लस में 10000 मीटर, 5000 मीटर, 1500 मीटर और 800 मीटर दौड़ में, गिरवर निषाद रानी परतेवा से 45 प्लस में गोला फेंक, हेमर थ्रो में बुधलाल लाल नेगी रानिपरतेवा से 50 प्लस में लंबी कूद 100 मीटर दौड़ और पैदल चाल में प्रेम सिंह नागेश राजिम से 45 में लॉन्ग जम्प और 100 मीटर दौड़ में, चित्ररेखा नागेश राजिम से लंबी कूद, 200 मीटर, 100 मीटर दौड़ में भूपेंद्र साहू, 30 प्लस में कौ नंद केरा से 200 मीटर दौड़ और पैदल चाल में परमेश्वर निषाद, 50 प्लस में लंबी कूद और 200 मीटर दौड़ में संजीत निषाद पीपरछेड़ी से, 200 मीटर दौड़ और लंबी कूद में प्रतिमा मानिकपुर, 45 प्लस में 100 मीटर दौड़ और लंबी में प्रकाश दास 50 प्लस में गोला फेंक में मोहन गोयल 45 प्लस में 200 मीटर दौड़ में, परमेश्वर निषाद नयापारा 50 प्लस में 200 मीटर दौड़ और लंबी कूद में, लक्ष्मीनाराय वर्मा 55 प्लस में लम्बी,ऊंची कूद में,रामबती ठाकुर लंबी कूद और 200 मीटर दौड़ में,माधुरी ध्रुववंशी 200 मीटर दौड़ और गोला फेंक में, इन प्रतिभागियों को इनके स्टाफ़ के शिक्षगण और मित्रगण के शुभकामनाएं दी।

**साहू समाज परिक्षेत्र सोरिद का भक्ति माता कर्मा जयंती एवं वार्षिक अधिवेशन संपन्न**

## भक्त माता कर्मा, त्याग, श्रद्धा और भक्ति की मिसाल : विधायक साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव/पाटसिवनी (पिपरहट्टा)।



ग्राम पिपरहट्टा में 19 अप्रैल को साहू समाज परिक्षेत्र सोरिद का भक्ति माता कर्मा जयंती एवं वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम का संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रोहित साहू विधायक राजिम विधानसभा ने कहा कि भक्त माता कर्मा के बारे में आने वाले पीढ़ी को बताने की जरूरत है। भक्ति माता के जीवनी के बारे में उसकी इतिहास के बारे में आने वाले पीढ़ी को उसके बारे में बता कर आकर्षित करने व उसके दिशा निर्देश को बच्चों तक ले जाने की जरूरत है। भक्त माता कर्मा जयंती के उद्देश्य यहां है कि समाज को एकत्र व संगठित करके समाज को कैसे आगे गति प्रदान कर सके, सामाजिक समर्थन की बात करते हुए सामाजिक संगठन के महत्व और आवश्यकता की बहुत सुंदर व्याख्या पेश किया। समाज में अपने धर्म रक्षा पर संबोधित करते हुए धर्मांतरण रोक पर विशेष पहल की बात कही। विधायक ने कहा की सामाजिक अधिवेशन, सम्मेलन में समाज के सभी लोगों को सम्मिलित होना चाहिए जिससे लोगों को अपने रीति-रिवाज परंपरा के बारे में जानने का मिल सके। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रोहित साहू विधायक राजिम विधानसभा क्षेत्र, प्रमुख अतिथि भुनेश्वर साहू उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ, अध्यक्षता नारायण लाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ गरियाबंद, लालाराम साहू अध्यक्ष राजिम भक्तिन मंदिर समिति, राम जी साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ राजिम, विशिष्ट अतिथि लेख राज ध्रुवा जिला पंचायत सदस्य गरियाबंद माननीय मीरा ठाकुर अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा, विष्णु राम नागेश जनपद सदस्य छुरा एवं पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत परसदाखुर्द, पंकज निर्मलकर अध्यक्ष भाजपा मंडल खड़मा एवं जनपद सदस्य छुरा, युवराज साहू जनपद सदस्य छुरा, दुलारी बाई साहू जनपद सदस्य छुरा, भेषमती रूप सिंह साहू जनपद सदस्य छुरा, पुष्पा देवानंद सिन्हा जनपद सदस्य छुरा, पीलू राम यादव, सुरेश निर्मलकर विशेष अतिथि उगेश कुमार तिरधारी सरपंच ग्राम पंचायत पिपरहट्टा, बहुर सिंह दीवान, राधे दीवान, पुसउ राम ध्रुव, चम्पेश्वर ध्रुव, गोदावरी शारदा दीवान, गोवर्धन दीवान, आयोजक साहु समाज सोरिद परिक्षेत्र एवं ग्रामीण साहू समाज पिपरहट्टा अध्यक्ष रूप सिंह साहू, उपाध्यक्ष रोहित साहू, सचिव भारत लाल साहू उपस्थित रहे।

## त्रिलोक ने जन्मदिन पर भेंट किया वाटर कूलर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



समाजसेवा की मिसाल बने गरियाबंद के वरिष्ठ नागरिक त्रिलोक सिन्हा ने अपने 60वें जन्मदिन को एक खास रूप में मनाया। उन्होंने तेज धूप और भीषण गर्मी से जूझ रहे राहगीरों व किसानों की राहत के लिए आदिम जाति सेवा सहकारी समिति परिसर में वाटर कूलर भेंट कर सेवा भावना का परिचय दिया। इस प्रेरणादायक अवसर पर समिति अध्यक्ष दयाराम ध्रुव, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, जीतेंद्र यादव, आशीष तिवारी, समिति के सीईओ रविंद्र कुमार नायक, प्रमोद ध्रुव, सुरेंद्र सिन्हा और भावेश सिन्हा समेत समिति के कई सदस्यगण मौजूद रहे। त्रिलोक सिन्हा के पुत्र भावेश सिन्हा भी अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए लगातार समाजसेवा में जुटे हैं। वे बीते कई वर्षों से गर्मी के मौसम में दुकानदारों, फेरीवालों और राहगीरों को निःशुल्क ठंडा जल उपलब्ध कराते आ रहे हैं। उनका मानना है कि जल सेवा सबसे सीधी और संवेदनशील सेवा है।



## सीएम निवास घेराव के आंदोलन कार्यक्रम में शामिल हुए बालमुकुंद

**छुरा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर प्रदेश में बढ़ रहे बेलगाम अपराध के विरोध में मुख्यमंत्री निवास के घेराव के आंदोलन कार्यक्रम में छुरा से ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्राजी के नेतृत्व में वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्तागण नगर पंचायत के उपाध्यक्ष समीम खान, रमेश शर्मा शामिल हुए।

## दानवीर भामाशाह जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



सोमवार को दानवीर भामाशाह की जयंती भामाशाह समिति एवं साहू समाज द्वारा भव्य रूप से मनाया गया। साहू समाज परिक्षेत्र नवापारा, युवा प्रकोष्ठ, व्यापारी प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ, मंदिर समिति एवं दानवीर भामाशाह समिति के पदाधिकारियों की उपस्थिति में भामाशाह की जयंती भव्य रूप से मनाया गया। इस अवसर पर दानवीर भामाशाह के आदमकद मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनके दानवीरता, आदर्शों एवं विचारों पर प्रकाश डालते हुए सभी को इस मार्ग पर चलने की बात कही। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भामाशाह समिति के अध्यक्ष मेघनाथ साहू, नगर साहू समाज के अध्यक्ष रमेश साहू,उपाध्यक्ष भागवत साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष ओम कुमारी संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेन्द्र बल्लू सोनी, अशोक गंगवाल, भाजपा नेत्री योगिता सिन्हा, पार्षद गण सहदेव कंसारी, नम्मू नारायण ध्रुव, राम रतन निषाद, अर्जुन साहू, फागु देवांगन, जग्गू यादव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग, नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष संध्या राव, नगर साहू समाज के संरक्षक गण छन्नूलाल साहू, प्रेमलाल साहू, रज्जू साहू, परदेसी राम साहू कन्हैया साहू, डॉ. लीलाराम साहू, धीरज साहू, पूर्व पार्षद मायाराम साहू, दीपक साहू, नूतन साहू, चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ. तेजेंद्र साहू, डॉ.रमेश, डॉ. लीलाराम साहू, सुखराम भगत सहित अन्य सामाजिक गण उपस्थित थे।

**सरकड़ा में चल रहे श्री राम चरित मानस रामायण का हुआ समापन**

## राम चरित मानस की प्रस्तुति ने बांधा समा, दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका



ग्राम सरकड़ा में चल रहे छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय श्री राम चरित मानस रामायण का रविवार को समापन हुआ जिसे देखने सुनने के लिए ग्रामीण रात दो बजे तक राम रस पान करते रहे और मंत्रमुग्ध होते रहे। इस अंतिम दिवस के मौके पर कुल 09 मंडलियों ने प्रस्तुति दी जिसमें सभी रामायण मंडलियों के व्याख्याकार ने राम की कथा सुनाई इसमें प्रथम मंडली घ्यान गंगा मानस परिवार सरकड़ा ने प्रस्तुति दी तो अंतिम मंडली के रूप में ऑजनेय मानस परिवार बागबाहरा (महासमुंद) की प्रस्तुति देखने में राम रस पान करते रहे जिसमें दर्शक रात भर उनके गीतों में नाचते गाते झूमते दिखे तो वहीं व्याख्याकार ने माता सीता की हरण के बाद दूत बनकर रावण को पुनः समझाने के लिए अंगत को लंका भेजा गया जिसमें व्याख्याकार की जबरदस्त रोचक तरीके से बताए गए कथा में डूबे रहे इसमें बताया कि जब बाली पुत्र अंगत लंका पहुंचे तो बैठने के लिए कोई आसन नहीं दिया जिस पर अंगत अपने पूछ की घेरा बनाकर बैठ गया तब दोनों के बीच के संवाद में वार्तालाप चलता है जिसमें रावण को समझाता है कि माता सीता को भगवान श्रीराम को सौंपने को कहा जाता है और भगवान श्री राम की शरण में जाने को कहते है और वो क्षमा वान है सभी को तारने वाले है कहकर समझाते है तब रावण अंगत का उपहास करते है और उनका परिचय पूछते है जिस पर अंगत अपना परिचय देते हुए बताते है मैं वही बाली का पुत्र हु जिसने आपको 6 महीने तक आपको अपने हाथ में दबाकर रखा था जिसने तुम्हारा ताकत के घमंड को तोड़ा था वही श्रीराम चरित मानस में बताया गया है कि इससे पहले भी रावण 3 बार मात खा चुका था। वही व्याख्याकारों ने कहा है श्रीराम चरित मानस अथाह है जिसकी व्याख्या आज तक कोई नहीं कर पाया है।




